
## एक नजर में

### राष्ट्र व सनातन जागरण पर परिचर्चा

**मन्दसौर।** राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद द्वारा 'व्यस्तता के चक्रव्यूह में फंसा आदमी' विषय पर परिचर्चा का आयोजन दिनांक 16 नवम्बर 2025, रविवार को प्रातः ठीक 11 बजे श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर, बड़ी होली, किला रोड, कोर्ट परिसर के बाहर, मन्दसौर पर रखी गई है। राष्ट्र व सनातन जागरण के इस पुनीत अभियान में सभी राष्ट्र अनुरागी युवा, महिला एवं पुरुष सादर आमंत्रित हैं।

### समाजवादी चिंतक 'विषपायी' की स्मृति में व्याख्यान आज



**मंदसौर।** कवि, लेखक, चिंतक और इन सब के ऊपर समतावादी समाज निर्माण के स्वप्नद्रष्टा बाबूलाल माली 'विषपायी' हमारे समय के लेखकों, कला, संस्कृति और जन आंदोलनों के संरक्षक थे। उनका लेखन बंद कमरों की गोष्ठियों में ही चर्चा का विषय नहीं, अपितु गली, बाजारों, चौराहों पर बहस का मुद्दा बनता था। उन्होंने सांप्रदायिकता, जातिवाद धर्मान्धता, रूढ़ियों और पाखंड से दूर रहकर पूंजीवाद को फासीवाद में बदलता देखा। विषपायी जीवन पर्यंत सामाजिक, आर्थिक, विसंगतियों पर कलम चलाते रहे। प्रगतिशील लेखक संघ एवं विषपायी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में 'साहित्य संवाद और स्मृति में विषपायी' विषय पर आज 15 नवंबर को व्याख्यान का आयोजन रखा गया है। दोनों संगठनों के प्रमुख असअद अंसारी एवं चित्रा माली ने बताया कि नूतन माध्यमिक विद्यालय सभागृह में सायं 6 बजे से प्रारंभ होने वाली व्याख्यान श्रृंखला में प्रोफ़ेसर रविंद्र कुमार सोहनी, क्षेत्र के विख्यात चित्रकला मर्मज्ञ बंसीलाल परमार, वरिष्ठ अभिभाषक प्रकाश रातडिया विषय पर अपने विचार रखेंगे। आयोजन की अध्यक्षता मध्य प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ अध्यक्ष मंडल के सदस्य हरनाम सिंह करेंगे।

### स्काउट-गाइड जिला संघ द्वारा बाल दिवस एवं तंबाकू मुक्त अभियान सम्मान समारोह आयोजित




**मंदसौर।** भारत स्काउट गाइड, जिला संघ मंदसौर द्वारा बाल दिवस के अवसर पर एक्सीलेंस विद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तंबाकू मुक्त विद्यालय परिसर अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले संकुल प्रभारियों, प्राचार्यों एवं एनजीओ प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर अदिति गर्ग, प्रदेश उपाध्यक्ष स्काउट गाइड दीपिका बैरागी, जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंस तथा जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी थे। अतिथियों का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी ने स्वागत भाषण में बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए तंबाकू मुक्त अभियान में शिक्षकों की भूमिका और कलेक्टर अदिति गर्ग के नेतृत्व की सराहना की। जिला सचिव सलमा शाह ने वर्ष भर की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।

### देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस के रूप में मनाया



**मोतीपूरा/नाहरगढ।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंति पर विधालय मे बाल दिवस पर सपनों की उडान थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वात्सल्य पब्लिक इंग्लिश स्कूल मोतीपुरा में बाल दिवस के मौके पर बच्चो को जागरूक किया। समारोह की शुरूआत का शुभारंभ माँ शारदे की पुजा- अर्चना के साथ किया गया। सभी बच्चों ने अपने सपनों के बारे में विस्तृत से बताया, शिक्षकों ने बच्चों के सपनों को साकार करने हेतु जरूरी सुझाव दिए। कार्यक्रम में सभी शिक्षक/शिक्षिकाएँ श्रीमती संगीता मेम, श्रीमति शिवानी शर्मा, सुश्री वंदना शर्मा, सुश्री पुष्पा भाटी, प्रियांशी संघवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गेश शर्मा और संचालक कमलेश संघवी उपस्थित रहे।

### दिव्य रथ एवं चरण पादुका के किए दर्शन




**मंदसौर।** भगवान श्री सत्यसाई बाबा की दिव्य रथ यात्रा एवं चरण पादुका 29 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक मंदसौर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण पर रहीं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। अंतिम दिवस पर सांसद सुधीर गुप्ता, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत ने सत्यसाई समिति कार्यालय पहुंचकर दिव्य रथ और भगवान के दर्शन किए। सांसद गुप्ता ने संबोधन में कहा कि वे स्वयं बचपन से सत्यसाई बाबा की सेवाओं से जुड़े रहे हैं। समिति द्वारा युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक जोड़कर उन्हें सनातनी शिक्षा देना आवश्यक है, ताकि युवाओं में धर्म और अध्यात्म के प्रति रूझान बढ़े। उन्होंने कहा कि भगवान का संदेश 'मानव सेवा ही माधव सेवा' हर युवा अपने आचरण में लाए। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व सारस्वत ने भी समिति के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समिति समाज कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। समिति के रतलाम-मंदसौर जिलाध्यक्ष डी.सी. सक्सेना ने बताया कि संगठन द्वारा छोटे बच्चों के लिए बाल विकास कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से बचपन से ही नैतिक आचरण व अच्छे संस्कार विकसित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सिंधी समाज अध्यक्ष वासुदेव सेवानी सहित बड़ी संख्या में साई भक्त उपस्थित रहे।

### शतायु मतदाताओं को स्वयं वितरित किए गणना पत्रक

**मंदसौर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र-2026) के तहत मतदाता सूची अद्यतन कार्य का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अदिति गर्ग ने मंगलवार को अयोध्या बस्ती और गांधीनगर क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क किया। उन्होंने 105 वर्षीय इमना खातून और 101 वर्षीय सुगन कुमार राणा सहित बुजुर्ग एवं शतायु मतदाताओं को स्वयं गणना पत्रक प्रदान किए और फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझाई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री शाक्य, बीएलओ तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग गणना पत्रक अवश्य भरें। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक घर में अनिवार्य रूप से जाकर फॉर्म भरवाएं और वापस लेते समय पूरी तरह जांच कर अधूरे फॉर्म नहीं रहने दें।

# फिरौती के लिए अपहरण के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने किया खुलासा

▶ 24 घंटे में अपहरण की झूठी साजिश का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार – दो आरोपी फरार

**मंदसौर। फिरौती हेतु रचे गए अपहरण के एक सनसनीखेज मामले में मंदसौर पुलिस ने मात्र 24 घंटे में बड़ी सफलता हासिल करते हुए पूरे प्रकरण का पर्दाफाश कर दिया है। मामले में अपहृत बताए जा रहे युवक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हैं।**

**50 लाख की फिरौती की मांग से फैली सनसनी**-दिनांक 13 नवंबर 2025 को शामगढ़ निवासी कमल जैन को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर उनके 26 वर्षीय पुत्र हर्शल जैन के अपहरण की सूचना दी तथा 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग रखी। शिकायत पर थाना शामगढ़ में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना (भा.पु.से.) ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कुरील के पर्यवेक्षण तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मल्हारगढ़ नरेन्द्र सोलंकी एवं अनुविभागीय अधिकारी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के संयुक्त नेतृत्व में सात विशेष टीमों का गठन किया।

**तकनीकी विश्लेषण में मिला सुराग**-साइबर सेल की सहायता से हर्शल जैन के मोबाइल, वाहन, फास्टैग एवं उसके मित्रों से जुड़े तकनीकी तथ्यों की पड़ताल की गई। पुलिस टीमों ने राजस्थान के कोटा,



बूंदी, हिंडोली सहित संभावित स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान यह जानकारी सामने आई कि हर्शल का घनिष्ठ मित्र गणपत सिंह घटना के बाद अपने घर हिंडोली व कोटा में भी नहीं पाया गया।

तकनीकी लोकेशन के आधार पर गणपत सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि हर्शल ने खुद ही अपने अपहरण की योजना रची थी।

**कर्ज चुकाने हेतु रची गई 'फर्जी अपहरण' की साजिश**-पूछताछ में ज्ञात हुआ कि हर्शल जैन को कर्ज का दबाव था। इसी कारण उसने अपने मित्र गणपत सिंह हाड़ा, जनरेल सिंह एवं कुलदीप कहार के साथ मिलकर स्वयं के अपहरण की झूठी कहानी बनाई। योजना के अनुसार हर्शल के परिवार से 50 लाख रुपए की फिरौती लेकर चारों के बीच बांटना तय किया गया था।

मंदसौर पुलिस की सात टीमों ने अथक प्रयासों से मामले का पूरा खुलासा कर दिया और हर्शल व गणपत सिंह को गिरफ्तार किया।

**कार्रवाई में इनका रहा सराहनीय योगदान**-कार्रवाई में निरीक्षक कमलेश प्रजापति (थाना प्रभारी सीतामऊ), निरीक्षक राजेंद्र पवार (थाना प्रभारी नारायणगढ़), उपनिरीक्षक अभिषेक बोरासी (थाना शामगढ़), उपनिरीक्षक मनोज महाजन (चंदवासा चौकी), उपनिरीक्षक कपिल सौराष्ट्रीय (मुल्तानपुरा चौकी), उपनिरीक्षक विनय बुंदेला (वायडी नगर), उपनिरीक्षक संजय प्रताप सिंह (मल्हारगढ़), प्रआर आशीष बैरागी, प्रआर मुजफ्फर खान, आरक्षक मनीष (साइबर सेल), प्रआर दशरथ मालवीय, धनपाल, हीरा यादव, आर. इरफान, नरेन्द्र सिंह एवं जितेंद्र सिंह शक्तावत सहित पुलिस टीमों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मामले में फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

**▶ गिरफ्तार आरोपी**

1. हर्शल पिता कमल जैन, उम्र 26 वर्ष, निवासी शामगढ़
2. गणपत सिंह पिता महेंद्र सिंह हाड़ा, उम्र 19 वर्ष, निवासी सलमपुर, तहसील हिंडोली, जिला बूंदी (राजस्थान)

फरार आरोपी

1. जनरेल सिंह पिता सुखविंदर सिंह, निवासी ग्राम बालोला, तह. हिंडोली, जिला बूंदी (राजस्थान)
2. कुलदीप पिता राजुलाल कहार, उम्र 22 वर्ष, निवासी अमरतिया चौराहा, जिला बूंदी (राजस्थान)




## पोरवाल बैंक शामगढ़ संचालक मंडल की प्रथम बैठक

**शामगढ़।** पोरवाल बैंक शामगढ़ संचालक मंडल की प्रथम बैठक का आयोजन पोरवाल मांगलिक भवन शामगढ़ रोड पर अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक बंसीलाल धनोतिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया मन्दसौर, संचालक ओम संघवी की उपस्थिति में संपन्न हुई। पोरवाल बैंक की बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त अध्यक्ष देवीलाल फरक्या सुवासरा द्वारा की गई।

बैंक के संस्थापक अध्यक्ष राजेन्द्र संघवी देवास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे अतिथियों का स्वागत बैंक प्रबंधक कैलाश फरक्या व नवनियुक्त बैंक अध्यक्ष देवीलाल फरक्या द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक बंशीलाल धनोतिया, देवीलाल फरक्या, मुकेश पोरवाल, नरेन्द्र उदिया, सीमा, पंकज मेहता, अशोक मुजावदिया द्वारा किया गया। पश्चात बैंक के अध्यक्ष द्वारा संरक्षक बंशीलाल धनोतिया का स्वागत किया गया। महत्वपूर्ण बैठक में उपाध्यक्ष सीमा पंकज मेहता, संचालक ओम संघवी, अखिल भारतीय पोरवाल महासभा कोषाध्यक्ष मुकेश दानगढ़ नरेन्द्र उदिया, अशोक मुजावदिया मेलखेड़ा, दिलीप धनोतिया चंदवासा, सीमा सुनील मुजावदिया मेलखेड़ा, राजेंद्र धनोतिया सुवासरा, मुकेश पोरवाल, पोरवाल समाज अध्यक्ष शामगढ़, मनोज मुजावदिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ओम संघवी डिम्पल द्वारा किया गया। आभार अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र उदिया संचालक द्वारा व्यक्त किया गया।

# जिला भाजपा कार्यालय में मनाया बिहार चुनाव की जीत का जश्न

▶ सांसद गुप्ता, राज्यसभा सांसद गुर्जर, जिलाध्यक्ष दीक्षित व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को दी बधाई




**मंदसौर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर उत्साहपूर्ण माहौल में जश्न मनाया गया। इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर सहित जिलेभर के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आतिशबाजी के साथ मिठाइयाँ बांटकर जीत की खुशी मनाई गई।

**'देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास करता है' — सांसद सुधीर गुप्ता**

सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि बिहार की जनता ने गुंडाराज व कुकर्माचार की राजनीति को सिरे से नकारते हुए विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के पक्ष में मतदान किया है। यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर देश का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

**'जीत का संकेत जनसमर्थन देखकर पहले ही मिल गया था' — राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर**

चुनाव के दौरान प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में बिहार में सक्रिय रहे राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान ही जनता के उत्साह से इस बड़े जनादेश का आभास हो गया था। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, कार्यकर्ताओं की निष्ठा और जनता के विश्वास की देन है। बिहार ने एक बार फिर जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति को निर्णायक रूप से खारिज किया है।

**'यह परिणाम 2028 के मध्यप्रदेश चुनाव के लिए प्रेरक' — जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित**

जिलाध्यक्ष दीक्षित ने कहा कि बिहार में जनता ने राष्ट्रीयता, विकास और सुशासन की नीति को विजय दिलाई है। यह परिणाम आने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2028 के लिए भी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा व प्रेरणा जगाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों में भाजपा सरकारों के जनकल्याणकारी कार्य अब घर-घर तक पहुँच चुके हैं।

**'हर वर्ग भाजपा की नीतियों से जुड़ रहा' — पूर्व विधायक सिसौदिया**

पूर्व विधायक सिसौदिया ने कहा कि महागठबंधन द्वारा बार-बार सनातन संस्कृति पर प्रहार जनता को स्वीकार नहीं था। बिहार ने ऐसे दलों को आईना दिखाते हुए भाजपा-एनडीए के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है।

**इनकी रही उपस्थिति**-इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ. सुषमा आर्य, मुकेश काला, भाजपा जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा, महेश जूनवाल, विजय सुराना, प्रदेश पिछड़ा मोर्चा मंत्री धीरज पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, गौरव अग्रवाल, जीवन शर्मा, जिला मंत्री पुलकित पटवा, रानू भावसार, जगदीश गुर्जर, जिला कोषाध्यक्ष प्रितेश चावला, सह-कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, मीडिया प्रभारी निलेश जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, अरविंद सारस्वत, नेपालसिंह सिसौदिया सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**▶ कार्यालय में उमड़ा कार्यकर्ताओं का उत्साह**

जैसे ही बिहार से निर्णायक बढ़त के समाचार आने लगे, जिला भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल बन गया। कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए शुभकामनाएँ देने कार्यालय पहुँचते रहे। आतिशबाजी की गूंज में कार्यालय परिसर देर शाम तक उत्साह से भरा रहा।

## जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू

**पिपलियामण्डी।** शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामंडी में जनजातीय नायक धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 11 से 15 नवम्बर तक 'जनजातीय गौरव सप्ताह' मनाया जा रहा है।

सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य आरके श्रीवास्तव ने कहा कि 'बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे,

जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं।' सप्ताह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा जनजागरूकता रैली, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, भाषण प्रतियोगिता सहित बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बिरसा मुंडा के स्वराज, समानता और जनजातीय अधिकारों के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

वहीं पोस्टर निर्माण और निबंध लेखन में विद्यार्थियों ने जनजातीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और स्वाभिमान जैसे विषयों को रचनात्मक रूप में अभिव्यक्त किया। संचालन कार्यक्रम प्रभारी अरुण नरगावे ने किया। आयोजन में स्टाफ के कन्हैयालाल लोहार, गोविंद तंवर, राजीवसिंह चौहान, चन्द्रकला चौहान, निशा जाटिया, ममता चौहान, नरेंद्र राठौड़, अमित नीमा, प्रेरणा शर्मा, देवीलाल बामनिया, कृष्णपाल सिसोदिया, बलदेव जाट, गायत्री, तनिष्का चौधरी एवं मनुजेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



## बाल दिवस पर सपनों की उड़ान थीम पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**पाड़लिया मारू/नाहरगढ।** भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू के जन्म जयंति पर विधालय मे आयोजन हुआ। संस्कार पब्लिक इंग्लिश स्कूल पाडलिया मारू में बाल दिवस के मौके पर सपनों की उडान थीम पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की पुजा- अर्चना के साथ किया गया। बच्चों ने अपने सपनों के बारे में विस्तृत से बताया वही शिक्षकों ने बच्चों के सपनों को साकार करने हेतु जरूरी सुझाव दिए। कार्यक्रम में सभी शिक्षक/शिक्षिकाएँ श्रीमती रंजना पाटीदार, सुश्री जया पाटीदार, सुश्री रानु राठौर, सुश्री चंचल लोहार, सुश्री शिवानी योगी और विद्यालय के संचालक कमलेश संघवी व रामगोपाल गुर्जर उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हंसा और प्रिया चयनित

**मन्दसौर।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 19 वर्ष आयु वर्ग के लिए मन्दसौर से हंसा बथमी और प्रिया कुंवर का चयन हुआ हैं, यह प्रतियोगिता 26 से 30 नवम्बर तक भिवानी (हरियाणा) में आयोजित होगी।

जानकारी देते हुए एन.आई.एस. जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा ने बताया विगत दिनों 1 से 5 नवम्बर तक सागर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 19 वर्ष आयु वर्ग में हंसा बथमी ने क्रॉस कंट्री दौड़ में और प्रिया कुंवर ने 800मी. दौड़ में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी विधा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसके आधार पर हंसा और प्रिया 69वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश टीम में चयनित हुई हैं, यह दोनों खिलाडी 19 से 23 नवम्बर तक सागर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता कैंप के लिए मन्दसौर से रवाना होगी।